पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राजभवन सूचना परिसर)

———————

राज्यपाल की अध्यक्षता में इलाहाबाद संग्रहालय समिति की बैठक सम्पन्न

————————

लखनऊः 30 नवम्बर, 2021

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल एवं अध्यक्ष इलाहाबाद संग्रहालय समिति श्रीमती आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में आज राजभवन में इलाहाबाद संग्रहालय समिति एवं कार्यकारिणी समिति की बैठक ऑनलाइन सम्पन्न हुई। बैठक में राज्यपाल के समक्ष संग्रहालय के निदेशक पद की नियुक्ति हेतु प्रस्ताव, संग्रहपाल पद पर प्रोन्नति हेतु विभागीय चयन समिति के गठन हेतु प्रस्ताव, आजाद गैलरी की डिजाइन, सीधी भर्ती से रिक्त पदों पर भर्ती की प्रक्रिया आदि पर विस्तृत विचार विमर्श किया गया।

बैठक में राज्यपाल जी ने संग्रहालय में सीधी भर्ती के रिक्त पदों पर भर्ती हेतु समस्त प्रक्रियाएं पूर्णतः पारदर्शी एवं ऑनलाइन कराने के निर्देश दिए तथा इलाहाबाद संग्रहालय समिति एवं कार्यकारिणी समिति द्वारा प्रस्तुत किये गये वार्षिक प्रतिवेदन का अनुमोदन किया। इस अवसर पर समिति द्वारा राज्यपाल के समक्ष आजाद गैलरी की संशोधित डिजाइन के वीडियों का प्रदर्शन भी किया गया।

बैठक में इलाहाबाद संग्रहालय समिति और कार्यकारिणी समिति के सदस्य—सचिव, कुलपति एवं प्रभारी निदेशक डॉ0 अखिलेश कुमार सिंह एवं सदस्य प्रो0 विभा तिवारी वाराणसी, प्रो0 योगेशवर तिवारी प्रयागराज, संजय गोयल (आयुक्त प्रयागराज मण्डल) प्रयागराज, डा0 नाज रिजवी—दिल्ली, श्री निशान्त उपाध्याय प्रयागराज, प्रो0 पीयूष भार्गव लखनऊ, श्री चेतन जैन (वित्तीय सलाहकार, भारत सरकार) दिल्ली, प्रो0 यू0सी0 चटट्ोपाध्याय, डॉ0 बी.बी. खरबड़े तथा डॉ0 ए.के. सिंह सहित अन्य सदस्य ऑनलाइन जुड़े रहे।

——————

राम मनोहर त्रिपाठी/राजभवन (90/16)
सम्पर्क सूत्र
9453005360

राजभवन उत्तर प्रदेश


Governor Uttar Pradesh
Dr. A.K. Singh, Director, ...
PIYUSH BHARGAVA
Vibha Tripathi
Umesh Chattopadhya...
Yogeshwar Tewari